Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-२३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ दिसम्बर २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २५ नवंबर, २०२१ को जेवर, उत्तर प्रदेश के नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शिलान्यास किया। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या भी हैं।

## इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे लिए राजनीति का नहीं बल्कि राष्ट्रनीति का हिस्सा: पीएम मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जनरल वी के सिंह, संजीव बलियान, एस पी सिंह बघेल और बी एल वर्मा उपस्थित थे। २५ नवंबर, २०२१ को सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि २१वीं सदी का नया भारत आज सर्वश्रेष्ठ आधुनिक बुनियादी ढांचे में से एक का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा, "बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क एयरपोर्ट ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ही नहीं होते बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं, लोगों का जीवन पूरी तरह से बदल देते हैं। उन्होने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे लिए राजनीति का नहीं बल्कि राष्ट्रनीति का हिस्सा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को अभाव और अंधकार में बनाए रखा, पहले की सरकारों ने जिस उत्तर प्रदेश को हमेशा झूठे सपने दिखाए, वही उत्तर प्रदेश आज अंतर्राष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास, हमारा मंत्र है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'भारत गौरव ट्रेनों' की शुरुआत करने की घोषणा की



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विषय आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेनों भारत गौरव ट्रेन शुरू करने की घोषणा की है।

दिनांक २३.११.२०२१ को एक प्रेसवार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत और दुनिया के लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व भव्य ऐतिहासिक स्थल दिखाने का विजन साकार करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के पेशेवरों की मुख्य क्षमता टूरिस्ट सर्किट्स के विकास/पहचान और भारत की व्यापक पर्यटन संभावनाओं के दोहन के लिए विषय आधारित ट्रेनें चलाने में सहायक होगी।

## हम भारत को विश्व सिनेमा का बनाना चाहते हैं केंद्र: अनुराग ठाकुर



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के ५२वें संस्करण के समापन के अवसर पर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सिनेमा के सशक्त माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति के बेहतरीन रूपों के प्रचार और निर्माण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। दिनांक २८ नवंबर, २०२१ को गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजई इंडोर स्टेडियम में फिल्मोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने मुक्त-उत्साही निर्माण और अच्छे सिनेमा के असीमित आनंद की भावना के लिए हार्दिक प्रशंसा की, जिसे यह फिल्मोत्सव हर गुजरते साल के साथ हमेशा बेहतर तरीके से सम्मान देता है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने फिल्म प्रेमियों से कहा कि ५२वां आईएफएफआई हमें नई शुरुआत की ओर ले जा रहा है। ठाकुर ने कहा, "हम फिल्म निर्माण की अपनी समृद्ध परंपरा और सिनेमा के माध्यम से कहानी कहने की कला का उत्सव मनाने के लिए एक साथ आए हैं।

## जल्द मिलेगी मृतक शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। पंचायत चुनाव में कोरोना संक्रमित होने से अपनी जान गंवाने वाले परिषदीय शिक्षकों के आश्रितों को जल्द ही लिपिक पद पर नियुक्ति मिलेगी। इसी कड़ी में कैबिनेट मंजूरी के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव भेज दिया है। बतादें कि मार्च-अप्रैल में पंचायत चुनाव के दौरान करीब एक हजार से अधिक शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी के दौरान संक्रमित होने से मृत्यु हुई थी। अभी बेसिक शिक्षा विभाग में मृत शिक्षक के आश्रितों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति का प्रावधान है। जबकि विभाग ने दो साल पहले मृतक शिक्षक के आश्रित को भी लिपिक के पद पर नियुक्ति देने की घोषणा की थी। विभाग की घोषणा के चलते कोरोना से जान गंवाने वाले शिक्षकों के आश्रितों ने अभी तक अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन नहीं किया है। वहीं अन्य कारणों से दिवंगत हुए शिक्षकों के आश्रित भी छह महीने से नियमावली में संशोधन का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें भी लिपिक के पद पर नियुक्ति मिल सके। अब विभाग ने नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट के लिए भेज दिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद मृतक शिक्षकों के आश्रितों को लिपिक पद पर नौकरी का रास्ता साफ हो जाएगा।

# बुंदेलखंड की प्रगति के लिए कर्म योगियों की सरकार कर रही है अथक प्रयास-पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने १६ नवंबर, २०२१ को उत्तर प्रदेश के महोबा में विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हैं।

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के महोबा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न विकास परियोजनाएँ राष्ट्र को समर्पित कीं। इन परियोजनाओं में अर्जुन सहायक परियोजना, रतौली वियर परियोजना, भाओनी बांध परियोजना और मझगांव-चिल्ली स्प्रिकलर परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत ३,२५० करोड़ रुपये से अधिक है और इनके संचालन से महोबा, हमीरपुर, बांदा और ललितपुर जिलों में लगभग ६५००० हेक्टेयर भूमि की सिंचाई में मदद मिलेगी। इन परियोजनाओं से क्षेत्र को पेयजल भी प्राप्त होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा राज्य मंत्रीगण भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं जिन्होंने गुलामी के उस दौर में भारत में नई चेतना जगाई थी।

उन्होंने कहा, आज ही भारत की वीर बेटी, बुंदेलखंड की शान, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘बीते ७ सालों में हम कैसे सरकार को दिल्ली के बंद कमरों से निकालकर देश के कोने-कोने में ले आए हैं, महोबा उसका साक्षात गवाह है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता ने दशकों तक ऐसी सरकारों को देखा है जिन्होंने उन्हें लंबे समय तक लूटा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार बुंदेलखंड के लोग, यहां के विकास के लिए काम करने वाली सरकार को देख रहे हैं। ”पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को लूटते हुए नहीं थकती थीं हम काम करते-करते नहीं थकते हैं।

# दीपमालिकाओ की अद्भुत छटा से जगमग हुआ संगम क्षेत्र



साभार:जिला प्रशासन एवं प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार १६ नवम्बर, २०२१ को संगम क्षेत्र में देव दीपावली के पावन पर्व का भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजन किया गया। संगम नोज तथा आस-पास के घाटों को लगभग ०५ लाख दीपों से भव्य रूप से सजाया गया। देव दीपावली के अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश विंदल व अन्य न्यायमूर्तिगण तथा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां त्रिवेणी की भव्य रूप से आरती की गयी एवं दीप दान किया गया।

देव दीपावली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गयी थी, उसी के अनुरूप विभागों के द्वारा व्यवथायें की गयी थीं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की गयी थी।

देव दीपावली पर न्यायमूर्ति एन०के० जौहरी,न्यायमूर्ति साधना रानी ठाकुर, न्यायमूर्ति समीर जैन, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, मण्डलायुक्त संजय गोयल, आई०जी०जोन० राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, डीआईजी/एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के साथ अन्य अधिकारीगण तथा काफी संख्या में आमजन लोग मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार ने कर्मचारियों को उनकी ट्रेन संचालन में संरक्षा के प्रति सतर्कता और उल्लेखनीय योगदान के लिए दिनांक १६ नवंबर, २०२१ को पुरस्कार प्रदान किए। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालन बैठक के दौरान आयोजित पुरस्कार समारोह में रंजन यादव, अपर महाप्रबंधक, मनीष कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुखविभागाध्यक्षों तथा आगरा, झांसी और प्रयागराज मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों ने अपने मंडलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा ०५ रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में मीना देवी, टेक्नीशियन iii /कै०वै०/ टूण्डला, भंवर सिंह मीना, उप स्टेशन अधीक्षक/मोहासा, शिवलाल मीना, कान्सटेबल/अलीगढ़, किशोर मीना, कान्सटेबल /अलीगढ़ एवं प्रदीप कुमार वर्मा, सिगनल सहायक/झिंगुरा, प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। बैठक के दौरान प्रमोद कुमार ने रोड अंडर ब्रिजों में जलभराव और अनुरक्षण के संबंध में आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने ठंड में संरक्षा के दृष्टिगत रात्रिकालीन फूटप्लेटिंग निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रेलवे इंस्टालेशनों की नाइट पैट्रोलिंग के संबंध में भी निर्देश दिए।

# उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की बैठक सम्पन्न




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की १८वीं राज्य कार्यकारणी समिति की बैठक उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में नवीन कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं राज्य मुख्य आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्नम हुई। मुख्य आयुक्त एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नवीन कुमार एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्काउट प्रार्थना के साथ बैठक का प्रारंभ किया गया। तदोपरान्त आगरा, प्रयागराज एवं झांसी जिले द्वारा क्रमशः वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस बैठक का आयोजन वर्ष में एक बार किया जाता है, इसमें सभी जिले एजेण्डेट के अनुरूप वार्ता कर अपनी बातों को पटल पर रखते हैं और सर्वसम्मति से बैठक के अध्यक्ष द्वारा अनुमति मिलने के उपरान्त सभी जिले उसका अनुपालन करते है। बैठक में अवधेश कुमार राज्य् आयुक्त (स्का.) एवं मुख्यह कार्मिक अधिकारी (आईआर), मनीषा गोयल, राज्यर आयुक्त (गाइड) एवं उप मुख्य सतर्कता अधिकारी(यांत्रिक), राज्य् सचिव कृष्णान तिवारी एवं उप मुख्य् वाणिज्यक प्रबंधक (सीएण्डसपीएस), राज्य कोषाध्यक्ष शैलेन्द् कुमार सिंह उप वित्ती सलाहकार एवं मुख्या लेखाधिकारी (एफएण्डसबी), आदेश मिश्रा सहायक राज्य सचिव एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) एवं प्रयागराज, आगरा व झांसी के जिला मुख्य आयुक्त एवं अपर मण्डरल रेल प्रबंधक और जिले तथा राज्य मुख्यालय प्रयागराज के समस्त पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

# प्रयागराज-ऊधमपुर,ग्वालियर-बरौनी अब चलेंगी लगातार

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेलवे ने प्रयागराज-ऊधमपुर एक्सप्रेस और ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस को नियमित करने का फैसला लिया है। अब यह ट्रेनें अगले आदेश तक लगातार चलती रहेंगी। अभी तक ये ट्रेनें मार्च तक चलनी थीं। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा के अनुसार ट्रेन नंबर ०४१३१ प्रयागराज ऊधमपुर एक्सप्रेस का नंबर बदलकर पहले की तरह २२४३१ कर दिया गया है। इसी तरह ट्रेन नंबर ०४१३२ ऊधमपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस पहले ३० मार्च तक चलनी थी। अब यह ट्रेन पुराने नंबर २२४३२ से नियमित चलेगी। इसी तरह ०४१८५ ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ३१ मार्च तक चलनी थी। अब ट्रेन नंबर ११११२३ से लगातार चलेगी।

# आर.डी.एस.ओ में संविधान दिवस का आयोजन



साभारः आर.डी.एस.ओ. में संविधान दिवसका आयोजन किया गया। इस अवसर पर संसद के सेंट्रल हॉल में भारत के राष्ट्रपति द्वारा संविधान प्रस्तावना के पाठ का सीधा प्रसारण किया गया। दिनांक २६/११/२०२१ को आर. डी.एस.ओ.के महानिदेशक संजीव भुटानी द्वारा मिनी कांफ्रेंस हॉल में राष्ट्रपति द्वारा संविधान की प्रस्तावना के पठनका अनुसरण किया गया। इस अवसर पर आर. डी.एस.ओ. के अन्य सभी कर्मचारी एवं अधिकारी वेबेक्स के माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़े। रमेश पिंजानी अपर महानिदेशक एवं अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। आर.डी.एस.ओ. के विभिन्न निदेशालयो एवं सभी फील्ड में उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। सोशल मीडिया, ट्विटर, फेसबुक एवं इन्स्टाग्राम के माध्यम से संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक कर्तव्यों का प्रचार भी किया गया।

# स्वर्णिम विजय मशाल का किया गया जोरदार स्वागत



रे.स.ब्यू./सूत्र। भारत-पाकिस्तान के युद्ध में भारत की स्वर्णिम विजय की ५०वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए निकली स्वर्णिम विजय मशाल रविवार दिनांक २१.११.२०२१ की शाम प्रयागराज पहुंची। यहां सेना के अफसरों, जवानों के साथ आम लोगों ने स्वर्णिम विजय मशाल का स्वागत किया।

इस दौरान मशाल को न्यू कैंट स्थित वॉर मेमोरियल में लाया गया। यहां जीओसी पूर्वी यूपी एवं एमपी के साथ सेना के वरिष्ठ अफसरों की मौजूदगी में जयहिंद का उद्घोष किया गया। बतादें कि पीएम मोदी ने पिछले वर्ष ही भारतीय सेना को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम विजय मशाल सौंपी थी।

# नए साल में सुविधाओं से लैस हो जाएगा वाराणसी का लोहता रेलवे स्टेशन

रे.स.ब्यू./सूत्र। वाराणसी का लोहता रेलवे स्टेशन नए साल में सुविधाओं से लैस हो जाएगा। इस स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक का निर्माण दिसंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद नए साल से यात्रियों को सुविधाएं मिलने लगेगी।

बता दें कि उत्तर रेलवे के लोहता स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक का निर्माण दिसंबर २०१६ से चल रहा है। दिसंबर २०२१ तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्लेटफॉर्म से जाने वाली एक नई ६०० मीटर की लूप लाइन तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही प्लेटफार्म पर आए यात्रियों के बैठने के लिए १६ कुर्सियां और दो शेड बनाए जाएंगे।

यहां इसी माह स्टेशन पर एक नए एफओबी (फूट ओवर ब्रिज) का भी निर्माण किया गया है। जिससे तीनों प्लेटफॉर्म पर उतरते का रास्ता दिया गया है। वहीं प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन को भी विकसित करने की कवायद तेज कर दी गई है।

# अब १० रुपये में मिलेगा प्लेटफॉर्म टिकट

रे.स.ब्यू./सूत्र। यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने एक बड़ा फैसला लिया है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकट के बढ़े हुए दाम वापस लेने का फैसला किया है। अब प्लेटफॉर्म टिकट पहले की तरह ही १० रुपये का मिलेगा। सूत्रों के अनुसार भारतीय रेलवे ने कोरोना महामारी के समय में प्लेटफॉर्म टिकट की बढ़ी हुई कीमतों को वापस ले लिया है। बतादें कि महामारी के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को कम करने के उद्देश्य से कीमतों में वृद्धि की गई थी। इससे पहले मध्य रेलवे ने बुधवार दिनांक २४.११.२०२१ को प्लेटफॉर्म टिकट के दाम कम करने का फैसला किया था।

# मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 173वीं बैठक संपन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र. झांसी । मण्डल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सत्र 2020-21 की प्रथम बैठक मण्डल कार्यालय झांसी में दिनांक 18-11-21 को आशुतोष मण्डल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित के सचिवीय संबोधन के साथ हुई। दीक्षित ने मण्डल रेल प्रबन्धक आशुतोष, समिति के सदस्यों एवं रेल अधिकारियों का स्वागत किया। बैठक के अध्यक्ष आशुतोष मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा की कोरोना काल को देखते हुए DRUCC बैठक करना संभव नहीं हो सका, मुझे खेद है कि इस समिति की प्रथम बैठक में परिस्थितिवश कुछ विलंब हुआ। आगे उन्होंने बताया कि झांसी मण्डल उत्तर मध्य रेलवे का सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण मण्डल है। यह मण्डल देश के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग एवं पूर्वी भाग को पश्चिमी भाग से जोड़कर रेलों के पारगमन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। हमारा मण्डल यात्री सुविधाओं के विकास के साथ-साथ रेल राजस्व में बढोत्तरी के लिये निरन्तर प्रयत्नशील है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में माह अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में यात्री परिवहन से मण्डल ने रू. 291-48 करोड का राजस्व प्राप्त किया है जो गत वर्ष समान अवधि से प्राप्त राजस्व रू. 55-79 करोड से 422-46 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात से मण्डल ने रू. 449-33 करोड का राजस्व प्राप्त किया है जो कि गत वर्ष इस अवधि में प्राप्त राजस्व रू. 360-39 से 24-68 प्रतिशत अधिक है। अन्य कोचिंग आय से रू. 51-78 करोड का अर्जन किया गया जो गत वर्ष की इस अवधि में प्राप्त अर्जन रू. 08-03 करोड रू. से 158-66 प्रतिशत अधिक है। टिकट चैकिंग के पेनाल्टी केसों से रू. 10-58 करोड का राजस्व अर्जित किया गया जो गत वर्ष में प्राप्त राजस्व रू.1-40 लाख से अधिक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में झांसी मण्डल की समस्त स्रोतों में आय रू.764-71 करोड है जो कि गत वर्ष की प्राप्त आय रु. 436-02 करोड़ से 75-38 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने मण्डल में उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तार से नवीनतम् जानकारी दी तथा निकट भविष्य में झाँसी स्टेशन व अन्य स्टेशनों के सौन्दय करण, आधुनिकीकरण आदि से सम्बंधित जानकारी दी। इसके पश्चात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार से समीति के समक्ष प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक ने सदस्यों से सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। आज की बैठक में 27 में से कुल 20 सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों में हरीश मेवाफरोश, प्रदीप तिवारी, नीति शास्त्री, संजीव अग्रवाल, वसंत अग्रवाल, आशीष कुमार मिश्र, प्रदीप कुमार गर्ग, राहुल जी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुरेश कुमार कौन्तेय, नीरज श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, सुरेन्द्र नारायण, चंद्रप्रकाश मिश्र, देवेन्द्र गुप्ता, जिनेन्द्र जैन, विनोद नायक, संजीव अग्रवाल (लाला), राज कन्तेश वर्मा एवं संजय वाल्मीकि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं में विकास सम्बंधित परामर्श मंडल प्रशासन के समक्ष रखे। आशुतोष द्वारा उक्त सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभाव पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।



**सम्पादकीय**

## जेवर हवाई अड्डा: उड़ान उन्नति की

देश में बना जेवर हवाई अड्डा न सिर्फ लोगों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये अर्थव्यवस्था को भी उड़ान भरने में मदद करते हैं। दिल्ली से करीब सत्तर किलोमीटर की दूरी पर उत्तर प्रदेश के जेवर में दुनिया के चौथे सबसे बड़े हवाई अड्डे का प्रधानमंत्री ने शिलान्यास कर दिया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक और अंतरराष्ट्रीय हवा अड्डे का शिलान्यास सरकार की दूरदर्शिता का परिचायक है। इस हवाई अड्डे का एलान बहुत पहले हो गया था पर भूमि आदि से संबंधित औपारिकताएं पूरी करने में कुछ समय लग गया। मगर अब जल्दी ही इसके पहले चरण को चालू करने का सरकार ने संकल्प दोहराया है। जेवर हवाई अड्डा शुरू होने से गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, आगरा, गाजियाबाद, मेरठ आदि के नागरिकों की दिल्ली हवाई अड्डे पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। ये सारे शहर जेवर के काफी नजदीक हैं। दूसरे, विदेशी सैलानियों के लिए भी इससे काफी सुविधा होगी। अभी तक जो सैलानी आगरा जाना चाहते हैं, उन्हें दिल्ली उतरना, फिर वहां से दूसरे साधनों से आगरा जाना पड़ता है। अब वे जेवर से सीधा आगरा पहुंच सकेंगे। फिर, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद अब व्यावसायिक -वाणिज्यिक दृष्टि से काफी विकास कर चुके हैं, इन शहरों में अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने कारोबार केंद्र खोले हैं, उन्हें इससे गति मिलेगी।

दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का काफी विस्तार किया गया है, पर अब उसकी भी क्षमता आधुनिक जरूरतों को पूरा कर पाने की नहीं रह गई है। इसलिए भी जेवर में नया हवाई अड्डा बनाने पर विचार किया गया था।

## वीरांगना ऊदा देवी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत- दिनेश शर्मा



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय संविधान दिवस एवं वीरांगना ऊदा देवी पासी की शहादत सम्मान दिवस उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा झूंसी में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। दिनेश शमा ने इस अवसर पर बाबा भीमराव अम्बेडकर व वीरांगना ऊदा देवी की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर उप मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि वीरांगना ऊदा देवी ने अंग्रेजो के साथ जिस वीरता के साथ लड़ाई लड़ी और कई अंग्रेजी सैनिकों को अपनी गोलियों से छलनी कर दिया और इतिहास में अपना नाम अमर करा लिया। वीरांगना ऊदा देवी हमारे देश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी, विधायक बारा डॉ० अजय भारती, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## धान विक्रय करने में किसानों को न हो कोई परेशानी- मण्डलायुक्त



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जसरा स्थित नवीन सब्जी मण्डी में बनाये गये धान क्रय केन्द्र का मण्डलायुक्त संजय गोयल ने औचक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारी सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धान को विक्रय करने में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि धान खरीद में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए, धान की सही तौल हो। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन पुष्पराज सिंह, आरएमओ दुर्गेश प्रसाद सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## General Manager, Southern Railway Holds meeting with Hon'ble MP in Madurai Division



Source CPRO/SR: B.G.Mallya, General Manager (Incharge), Southern Railway conducted a meeting with Hon'ble Members of Parliament belonging to both Lok Sabha and Rajya Sabha, representing constituencies falling under Madurai Division on 18th November 2021.The Hon'ble Members of Parliament who attended the meeting were Kodikunnil Suresh, (representing Mavelikkara Lok Sabha Constituency) Su.Thirunavukarasar, (representing Tiruchchirapalli Lok Sabha Constituency) Vaiko (Rajya Sabha) Kanimozhi Karunanidhi (representing Tuticorin Lok Sabha Constituency) B.Manickam Tagore, (representing Virudhunagar Lok Sabha Constituency) A.Vijayakumar (Rajya Sabha) Dhanush M.Kumar (representing Tenkasi Lok Sabha Constituency) Karti Chidambaram (representing Sivaganga Lok Sabha Constituency) S.Gnanathiraviam (representing Tirunelveli Lok Sabha Constituency) M.Mohamed Abdulla (Rajya Sabha) P.Raveendhranath (representing Theni Lok Sabha Constituency) K.Somaprasad (Rajya Sabha) Su Venkatesan (representing Madurai Lok Sabha Constituency) P.Velusamy (representing Dindigul Lok Sabha Constituency) P.Ananth, Divisional Railway Manager, Madurai Division and Principal Heads of the Departments of Southern Railway also participated in the meeting.B.G.Mallya, General Manager (Incharge) Southern Railway, welcomed the dignitaries and appraised the Hon'ble MPs about the various aspects of Southern Railway working, detailing the achievements and development of various passenger amenities and highlighted the various infrastructural developmental works that are in progress and those completed successfully during the pandemic.

The Hon'ble MPs were informed about the various works undertaken by Railways in Madurai Division especially in respect of new line projects, ongoing projects, cleanliness of railway premises, station development, as well as the dedicated service of the railway employees during the pandemic lockdown and post pandemic period especially in running of Oxygen specials, Shramik Special Trains for transporting the migrant workers to their home states during the COVID-19 pandemic as well as Parcel Cargo Express Trains carrying essential commodities across the zone to serve the public.Hon'ble MPs held discussions on various aspects related to train services, stoppages, passenger facilities, expeditious completion of railway projects, etc. The Hon'ble MPs also offered their valuable suggestions for the improvement of services and development of Southern Railway.

## स्पेशल सेफ्टी सेमिनार आयोजित

रे.स.ब्यू./सूत्र। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष की अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा सुपरवाइजर ट्रेनिंग सेंटर में दिनांक १७.११.२१ को स्पेशल सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कार्य के दौरान शार्ट कट मैथड न अपनाने व नियमानुसार कार्य करने पर विशेष बल दिया। इसके अलावा स्पैड(सिगनल पासिंग एट डैन्जर) जैसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए रनिंग स्टाफ को उनकी कार्य प्रणाली में सतर्कता एवं जागरुकता से कार्य करने हेतु काउंसिल किया गया। वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी द्वारा सर्दियों के मौसम में पड़ने वाले धुंध एवं कोहरे के दौरान कर्मचारियों को बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया तथा संरक्षा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च रखकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सेफ्टी सेमिनार में मुख्य कारखाना प्रबंधक/ झाँसी आर.डी. मौर्या, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ओपी दिनेश वर्मा एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# हमारी सरकार का मकसद भारत को फ़िल्मकारों व सिनेमा प्रेमियों के पसंद की जगह बनाना है: अनुराग ठाकुर



अभिनेत्री और मथुरा से सांसद हेमा मालिनी को २०नवंबर, २०२१ को पणजी, गोवा में ५२वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी-२०२१) के उद्घाटन समारोह के दौरान इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर २०२१ का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी हैं।

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव (इफ्फी) के ५२वें संस्करण की २० नवंबर, २०२१ को पणजी, गोवा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरुआत हुई है। जहां हमारा देश स्वतंत्रता के ७५वें वर्ष का जश्न मना रहा है, वहीं गोवा अपनी आज़ादी की ६०वीं सालगिरह बना रहा है, ये याद करते हुए और गोवा में फ़िल्म प्रेमियों का स्वागत करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिह ठाकुर ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे लिए एक ऐसा मौका है कि हम सामूहिक संकल्प लें कि जब हम अपनी स्वतंत्रता का १००वां वर्ष मना रहे हों तब तक अपने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकें। उन्होंने कहा, "ये महोत्सव भारतीय सिनेमा के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है और ये सभी प्लेटफार्मों पर सभी स्तरों पर, सभी क्षेत्रीय भाषाओं में, घरेलू और विश्व स्तर पर कॉन्टेंट क्रिएशन और उसके प्रसार में भी जबरस्त संभावनाएं प्रस्तुत करता है। अनुराग ठाकुर ने "ड्रीम गर्ल" हेमा मालिनी की सराहना की, जिन्हें आज २०२१ के इंडियन फ़िल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने फ़िल्म प्रेमियों की कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया है। उन्होंने जाने-माने गीतकार प्रसून जोशी की भी सराहना की। उन्हें भी २०२१ के इंडियन फ़िल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है।

# प्रयागराज-ऊधमपुर, ग्वालियर-बरौनी अब चलेंगी लगातार

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेलवे ने प्रयागराज-ऊधमपुर एक्सप्रेस और ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस को नियमित कर दिया है। यह ट्रेनें अब अगले आदेश तक लगातार चलती रहेंगी। बतादें कि अभी तक ये ट्रेनें मार्च तक चलनी थीं। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि ट्रेन संख्या ०४१३१ प्रयागराज ऊधमपुर एक्सप्रेस का नंबर बदलकर पहले की तरह २२४३१ कर दिया गया है। इसी तरह ट्रेन संख्या ०४१३२ ऊधमपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस पहले ३० मार्च तक चलनी थी। अब यह ट्रेन पुराने संख्या २२४३२ से नियमित चलेगी। इसी तरह ०४१८५ ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ३१ मार्च तक चलनी थी। अब ट्रेन नंबर ११११२३ से लगातार चलेगी।

वापसी वाली ट्रेन ०४१८६ बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस पहले एक अप्रैल तक चलनी थी लेकिन पुराने ट्रेन संख्या ११११२४ से अब यह हमेशा चलती रहेगी।

# देव दीपावली पर संगम तट पर उतरा स्वर्ग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। त्रिवेणी संगम के सुरम्य तट पर शुक्रवार दिनांक १६.११.२०२१ की शाम देव दीपावली पर संगम तट पर मानो स्वर्ग उतर आया था। कहीं दीपों में भारत माता के भाल के रूप में कलाकृतियां सजाई गईं तो कहीं वंदेमातरम, तिरंगा प्यारा, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संदेश जगमग हुए। देव दीपावली पर संगम के पांच सौ मीटर दायरे का अप्रतिम दृश्य ऐसी ही परिकल्पनाओं में साकार होकर हर किसी को धन्य बनाने वाला था।

संगम नोज पर अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राम मंदिर के पंडाल को भी सजाया गया और बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ के नारे को भी।

# झाँसी मंडल में डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान (पुस्तक) का विमोचन



रे.स.ब्यू./सूत्र। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा मंडल आपदा प्रबंधन योजना २०२१-२२ का विमोचन किया गया। दिनांकः २६.११.२१ को इस योजना पुस्तक में किसी भी आपदा/दुर्घटना के समय प्रबंधन हेतु समस्त आवश्यक सूचनायें सम्मिलित है। मंडल के सभी अधिकारियों के संपर्क फोन नंबर तथा मंडल के सभी राज्यों के अधिकारियों की एवं आपदा प्रबंधन हेतु विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। उक्त पुस्तक में मंडल में उपलब्ध सभी अस्पतालों की सूची, ब्लड बैंक की सूची, सभी गाव प्रधानों के संपर्क नंबर, एन सी सी, स्काउट गाइड्स एवं सिविल डिफेंस के संपर्क नंबर, NGO के नंबर, मंडल की जिला बोंडरी, बस एवं टैक्सी ट्रेवल एजेंट, मीडिया संस्थानों के संपर्क आदि उपलब्ध हैं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अमित सेंगर, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अशोक प्रिय गौतम एवं सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

# Job Racketeers nabbed by joint Sting operation of Southern Railway Vigilance Organization & TN Police wing

**Source CPRO/SR: The Vigilance Organisation of Southern Railway plays a crucial role in routing out unethical practices from the system. Based on a complaint received from two victims regarding job racketing, a Joint Operation was organized by Southern Railway Vigilance and Police team deputed by Deputy Commissioner/St. Thomas Mount on 24/11/2021. Allegedly, the job racketeers had extorted money from the complainants promising them a job in Railways. They had even reassured the victims of job scam by giving them fake appointment Order. The two job racketeers were nabbed after tracking their locations at Vadapalani. The entire operation was completed within 5 hours of receipt of complaint after meticulous planning and coordination between the two departments. The accused were handed over to ICF Police Station and a case has been registered for further investigation. Vigilance Organization, Southern Railway has clarified that all recruitments in Railways are done in a transparent manner through exams conducted by Railway Recruitment Board and Railway Recruitment Cell. Southern Railway appeals to general public to be wary of such job racketeers and report to State Police and/or Vigilance Organisation, Southern Railway, Construction Office Complex, Egmore, Chennai (Contact No.9003160022) if they come across such fraudsters.**

# उत्तर प्रदेश में कायम है गुंडाराज -अजय लल्लू

रे.स.ब्यू./सूत्र। दलित परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र के गोहरी मोहनगंज बाजार में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि प्रियंका गांधी पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रही हैं। वहीं उन्होने ने कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। यूपी में पूरी तरह गुंडाराज कायम है। अपराधियों और माफियाओं पर नकेल कसने के योगी सरकार के दावे कागजी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि दलित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा भी प्रयागराज आई हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय लालू ने कहा है कि आगरा और हाथरस जैसी घटनाओं के बाद प्रयागराज में दलित परिवार के चार लोगों की हत्या शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सरकार के माथे पर कलंक की तरह है। योगी सरकार पर हमला तेज करते हुए कहा है कि सरकार सिर्फ प्रचार में लगी है।

# आरआरसी के चेयरमैन अतुल मिश्र जाएंगे संस्कृति मंत्रालय

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) के चेयरमैन अतुल मिश्र अब संस्कृति मंत्रालय दिल्ली में जाएँगे। बतादें कि वह सोमवार २६.११.२०२१ की शाम आरआरसी प्रयागराज से रिलीव हो गए। अपने कार्यकाल के दौरान हुए बदलावों की वजह से अतुल मिश्र खासा चर्चित भी रहे। अब आरआरसी का चेयरमैन कौन बनेगा वह अभी तय नहीं है, लेकिन यहां इस पद के लिए दो नाम सामने आए हैं। इसमें उत्तर मध्य रेलवे में तैनात मनीष खरे और चितरंजन रेल इंजन कारखाना से रिलीव हुए आशीष कुमार के नाम शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि जल्द ही तय हो जाएगा कि यहां चेयरमैन के पद पर कौन काबिज होगा।

## कोयला लदान बढ़ाने को बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आलोक कुमार महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं ए. पी. पांडा, सीएमडी, एसईसीएल बिलासपुर तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों के साथ ही साथ एसईसीएल के भी अधिकारीगण उपस्थित थे। दिनांक २४ नवम्बर, २०२१ को इस बैठक में कोयला लदान से जुडे मुददों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कोयले की लदान के वृद्धि के संबंध में सीएमडी, एसईसीएल से विस्तारपूर्वक चर्चा की । सीएमडी, एस सीएल ने कोयले की लदान में वृद्वि को बनाये रखनें को आश्वस्त किया। बैठक परस्पर सहयोग से लदान के लक्ष्य को पूरा करने की सहमति जताई गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक विजय प्रताप सिंह, प्रधान मुख्य वाणिज्यि प्रबंधक सैयद निसात अलि, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कोर मे हुआ महानिदेशक NAIR का आगमन

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी, वडोदरा के महानिदेशक एस.पी.एस. चौहान, द्वारा कोर के अधिकारियों के लिए उचित एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की उपयोगिता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

दिनांक २४ नवम्बर २०२१ को कार्यक्रम के प्रारम्भ में कोर के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह, ने संगठन के पंचशील सभागार में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। चौहान ने कोर के अधिकारियों के



लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, इन्वेन्टरी मैनेजमेंट, बजटिंग एवं आर्विट्रेशन जैसे विषयों पर पर्याप्त प्रशिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित किया।

उन्होने बताया कि कोविड प्रोटोकाल के कारण अभी भी सभी कोर्स ऑनलाइन माध्यम से संचालित किये जा रहें है। इस अवसर पर कोर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अरुण कुमार, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार, एवं सभी समस्त अधिकारिगण चौहान के व्याख्यान के दौरान उपस्थित रहे।

## राजभाषा नीति पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के संकल्प सभागार में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सरकारी कामकाज़ में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने एवं कामकाज का बेहतर महौल बनाने के उद्देश्य से दिनांक: २४.११.२०२१ को मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा कि अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यालय में सभी शाखा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला कि अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि जैसा आप लोग जानते है कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। राजभाषा हिंदी में काम करने के लिए हमारे संविधान में व्यवस्था कर दी गयी है और इसके आधार पर राजभाषा नियम बनाए गए है और भारत सरकार कि राजभाषा नीति का आधार भी हमारा संविधान है।

कार्यशाला का संचालन करते हुए राजभाषा अधिकारी शेषनाग पुष्कर ने कहा कि भारत सरकार कि राजभाषा नीति अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर थोपना नहीं है बल्कि ऐसा वातावरण पैदा करना है जिससे राजभाषा हिंदी से अधिकारी एवं कर्मचारी भावनात्मक रूप से जुड़े।

## उत्तर मध्य रेलवे में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एसोसिएशन के साथ बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एसोसिएशन के साथ अनोपचारिक बैठक का दिनांक २६.११.२०२१ को आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष किशन स्वरूप, जोनल सचिव लालसा राम, एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारीगण, अपर महाप्रबंधक रंजन यादव एवं नंद किशोर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने बताया कि, अक्टूबर माह के अंत तक, उत्तर मध्य रेलवे ने प्रारंभिक लदान में, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में २०.६४ की वृद्धि दर्ज की और राजस्व अर्जन की दृष्टि से इसी अवधि में १५.४१ की वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर मध्य रेलवे ने इस साल अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के दौरान कुल १०.४६ मिलियन टन लदान किया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान ८.६७८ मिलियन टन का लदान किया गया था। इस अवधि के दौरान इस आउटवर्ड लोडिंग से रु. १०६४.६७ करोड़ राजस्व अर्जित किया गया।

उन्होंने इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के कठिन परिश्रम और लगन को दिया और उनका धन्यवाद किया। उत्तर मध्य रेलवे में लेवल-०२ से ०७ के एन टी पी सी कोटियों के लिए ३३१३ पदों की अधिसूचना रेल भर्ती बोर्ड/ प्रयागराज द्वारा किया गया है, जिसमें एससी-४७५ एवं एसटी-२३८ पद आरक्षित हैं, इसमें प्रथम चरण की परीक्षा पूरी की जा चुकी है।

बैठक के प्रारंभ में बैठक में आए सभी अधिकारियों एवं एसोसिएशन के सदस्यों का प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महोदय ने स्वागत किया और इसके उपरांत सभी उपस्थित जनों के परिचय के उपरांत बैठक प्रारंभ हुई।

> अगर हिन्दुस्तान को सचमुच एक राष्ट्र बनाना है तो चाहें कोई माने या न माने राष्ट्र भाषा तो हिंदी ही बन सकती है।
>
> महात्मा गाँधी

## आगरा में आक्सीजन प्लॉन्ट प्रोजेक्ट का उदघाटन



रे.स.ब्यू./सूत्र. झांसी। सांसद अनुराग शर्मा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक झांसी आशुतोष की उपस्थिति में मंडल रेलवे चिकित्सालय में दिनांक: २५.११.२१ को नव संस्थापित "ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट" का उदघाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस परियोजना का क्रियान्वयन जुलाई माह में कोविड महामारी की दूसरी लहर में मरीजों को हुई ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए किया गया था। उदघाटन समारोह से पूर्व मंडल चिकित्सालय प्रांगण में सांसद एवं मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया । दूसरी लहर के दौरान हुई मरीजों को ऑक्सीजन की कमी को रेलवे द्वारा गंभीरता से लेते हुये ऑक्सीजन प्लान्ट की स्थापना हेतु सतत् प्रयास किये, जिसके फलस्वरूप चिकित्सालय में ५०० लीटर प्रति मिनट क्षमता रखने वाले आक्सीजन प्लांट का संस्थापन किया गया है। ऑक्सीजन प्लान्ट के लिए सभी आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण व् असेंबली रेलवे द्वारा कराया गया है। मंडल चिकित्सालय, झाँसी में २०५ बैड की शमता है।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) दिनेश वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अमित सेंगर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ.उमेश चंद्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र सिंह यादव, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आभा जैन, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सिद्धार्थ सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्साकम मौजूद रहे।

# आगरा में सांसदों के साथ महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने की बैठक




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल परिक्षेत्र के सांसदों की महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के साथ बैठक आगरा में आयोजित की गयी।दिनांक २६.११.२०२१ को बैठक में सांसद, दौसा जसकौर मीना जी एवं सांसद, आगरा प्रो. एस.पी.सिंह बघेल के प्रतिनिधि दिगम्बर सिंह धाकरे, सांसद, मथुरा हेमा मालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा जी, सांसद, इटावा प्रो. (डा.) राम शंकर कठेरिया जी के प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह जी, सांसद, अलवर मंहत बालक नाथ योगी जी के प्रतिनिधि सुखवंत सिंह,सांसद, भरतपुर रंजीता कोली जी के प्रतिनिधि संतोष कुमार उपस्थित थे।

महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद एवं विचारों के आदान-प्रदान से नागरिको की अपेक्षाओं को पूरा करने में सहायता मिलती है। उत्तर मध्य रेलवे की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे में अब अंडरपास बनाने में ऐसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है जिससे अंडरपास में पानी भरने की समस्या नही होगी। महाप्रबंधक के संबोधन के उपरांत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने सांसदों को पावर पाईट प्रजेंटेशन के माध्यम से आगरा मंडल की उपलब्धियों एवं विकास कार्यो से अवगत कराया। इसके बाद बैठक में उपस्थित सांसद, दौसा जसकौर मीना द्वारा अपने क्षेत्र से सम्बंधित मांगे भी रखी साथ ही उन्होनें कोविड के दौरान उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कोविड -१६ के दौरान किये गये सराहनीय कार्यो हेतु बधाई दी तथा महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेल को आमजन की रेलवे से सम्बन्धित समस्याओं के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से समाधान हेतु बैठक के उत्कृष्ट आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने महुआ मंडावर रोड रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या ०२६२३/०२६२४ आगरा फोर्ट- अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव कराने, गाड़ी संख्या ०१६१२/०१६११ दगाह-बांदीकुई पैसेंजर को जयपुर तक बढ़ाने के साथ - साथ अन्य यात्री सुविधाओं हेतु मांग की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक आगरा आनन्द स्वरूप सहित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से आए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.एन.ओझा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर संजय कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण शरद मेहता, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक विप्लव कुमार, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त रविन्द्र सिंह, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा. शिवम शर्मा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/परि. आगरा मुदित चन्द्रा एवं मंडल के शाखा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक/सामान्य, उत्तर मध्य रेलवे मन्नू प्रकाश दूबे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन आगरा मंडल के मंडल मंडल रेल प्रबंधक आनंद स्वरूप जी द्वारा किया गया। उक्त बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित एवं संपन्न हुई।

# ११ महिलाओं ने ही की कांग्रेस से टिकट के लिए दावेदारी

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। विधानसभा चुनाव में ४० फीसदी महिलाओं को टिकट देने की घोषणा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भले ही की हो लेकिन पार्टी के सामने महिला दावेदारों का संकट खड़ा हो गया है। प्रयागराज की बात की जाए तो कुल ११ महिलाओं ने ही टिकट की दावेदारी की है। बतादें कि कुल ६६ लोगों की सूची में ११ महिलाओं ने टिकट की दावेदारी की है। इसमें फाफामऊ विधानसभा सीट से खुशान वेदा फारूकी, दुर्गेश पांडेय, सोरांव विधानसभा सीट से गीता भारतीया, फूलपुर विधानसभा सीट से सिंधु सिंह, सदफ फातिमा, मेजा विधानसभा सीट से माधवी राय, बारा विधानसभा से मंजू संत, इलाहाबाद पश्चिमी विधानसभा सीट से रजिया सुल्तान, हर्षिता अरोरा, इलाहाबाद दक्षिणी से अंजुम नाज और अल्पना निशाद ने अपनी दावेदारी ठोकी है।

# प्रयागराज मण्डल में मॉक ड्रिल का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मंडल द्वारा आपदा प्रबंधन की तैयारियों के अंतर्गत दिनांक २७ नवंबर २०२१ को एनडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर अवपथन के साथ साथ ट्रेन में आग लगने कि ट्रेन दुर्घटना के दौरान यात्रियों बचाव प्रक्रिया पर मॉक ड्रिल किया गया। इस अभ्यास के लिये एक स्थल को चुन कर उसे दुर्घटना स्थल के रुप में विकसित किया। इस अभ्यास के क्रम में एक काल्पनिक गाड़ी स. ०८२४१ (प्रयागराज- नई दिल्ली स्पेशल) के दो डिब्बे दुर्घटनाग्रस्त हुये जिसमें एक डिब्बे क अवपथन और दुसरे डिब्बे में आग लगने कि वास्तविक दुर्घटना के समान दृश्य बनाया गया। इस अभ्यास के दौरान वास्तविक दुर्घटना के दौरान बरती जाने वाली सारी सावधानियों के साथ-साथ राहत एवं बचाव कार्यो को किया गया है। इस दौरान रेल प्रशासन एवं एनडीआरएफ की टीम द्वारा द्वारा मिलकर डिब्बे में फंसे हुए लोगों को निकालने के क्रम में सर्वप्रथम सभी उपकरणों को यथोचित स्थान पर ले जाकर रखने एवं समुचित व्यवस्था को बनाकर सबसे पहले डिब्बे की खिड़कियों को काटकर फंसे हुए यात्रियों को निकालने का प्रयास किया जाता है, इस दौरान रेलवे द्वारा कोल्ड कटर जैसी तकनीक का भी प्रयोग किया जाता है। उसके बाद दुर्घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त डिब्बे का दरवाजा न खुल पाने की स्थिति में दरवाजे के ऊपर छत के हिस्से को काटकर उसमें से यात्रियों को निकालने का भी अभ्यास इस दौरान किया जाता है।

# हाजीपुर में ''६५वां वार्षिक रेल राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह'' हुआ आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, में ''६५वां वार्षिक रेल राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह'' का आयोजन किया गया। दिनांक २६.११. २०२१ को समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जे.के.पी. सिंह सहित मुख्यालय एवं सभी मंडलों के उच्चाधिकारीगण तथा रेलकर्मी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी समारोह में उपस्थित थीं।

समारोह में महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने कहा कि ०८ अधिकारियों /कर्मचारियों को माननीय रेलमंत्री स्तर पर सम्मानित करने हेतु चयन किया गया था। परंतु कोविड-१६ महामारी के कारण ६५वां रेल सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन नही किया जा सका था। इसी के आलोक में आज राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित पुर्व मध्य रेल के ०८ अधिकारियों एवं कर्मचरियों को सम्मानित किया जा रहा है। मुझे गर्व है हमारे रेलर्मियों पर जिन्होंने कोविड-१६ के प्रसार को रोकने के साथ ही रेल का पहिया निरंतर चलता रहे, इसे भी सुनिश्चित कर दिखाया। हम सब भारतीय रेल के स्वर्णिम उपलब्धियों के साक्षी ही नहीं, वरन् भागीदार भी हैं। भारतीय रेल के कल्पनातीत विकास यात्रा में पूर्व मध्य रेल का विशेष योगदान रहा है। भारत जैसे विशाल एवं अत्यंत सघन जनसंख्या वाले देश में सुलभ, सुगम व सुरक्षित यातायात साधन उपलब्ध कराना अपने-आप में एक चुनौती है। आज का समारोह आप सभी रेलकर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा एवं आप ही के सहयोग से हम पूर्व मध्य रेल और भारतीय रेल को नई ऊँचाई प्रदान करने में सफल होंगे। भारतीय रेल इस चुनौती का बखूबी सामना करते हुए प्रगति पथपर अग्रसर देश को अपने सामाजिक व आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में हरसंभव रूप से सहायक होते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रही है। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जे.के.पी. सिंह ने सभी रेल कर्मचारी एवं रेल अधिकारियों का स्वागत करते हुए रेलकर्मियों के लिए इसे काफी महत्वपूर्ण दिन बताया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के कलाकारों द्वारा स्वागत गान, लोकगीत, भावपूर्ण नृत्य इत्यादि प्रस्तुत किया गया।

# उपराष्ट्रपति ने कोविड-१६ के दौरान शानदार प्रदर्शन करने के लिए रेलवे कि की सराहना



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने कोविड महामारी के दौरान शानदार प्रदर्शन करने तथा कोविड-१६ द्वारा पेश की गई अभूतपूर्व चुनौतियों से 'पहियों को गतिमान एवं ग्राहकों को सुरक्षित रखने' के बारे में किए गए नए प्रयासों के लिए भारतीय रेलवे की सराहना की। एम. वेंकैया नायड ने कोविड केयर आइसोलेशन कोच, श्रमिक स्पेशल ट्रेनों और 'ऑक्सीजन एक्सप्रेस' रेलगाडियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय रेलवे ने अपनी पूरी मशीनरी को तैयार किया है और महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में देश की मदद की है।एम. वेंकैया नायडु विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर उन्नत एल.एच.बी. और अतिरिक्त विस्टाडोम कोच वाली विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद बोल रहे थे। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मंत्री मुत्तमसेट्टी श्रीनिवास राव, लोकसभा सांसद एम.वी.वी. सत्यनारायण,ईस्ट कोस्ट रेलवे की महाप्रबंधक अर्चना जोशी, डीआरएम वाल्टेयर अनूप कुमार सत्पथी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# अब कोहरे में भी तेजी से दौड़ेंगी ट्रेनें

रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने कोहरे को देखते हुए तैयारी पूरी कर ली है। इस बार कोहरे के दौरान भी ट्रेनों की आवाजाही बिना किसी बाधा और खतरे के हो सकेगी। रेल हादसों से बचाने के लिए सर्दियों में धुंध में ट्रेनों को एडवांस एंटी फॉग डिवाइस से लैस कर दिया गया है।

इससे ड्राइवरों को सिग्नल व क्रसिंग की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। पूर्वोत्तर रेलवे के ६३४ रेल चालकों को डिवाइस दे दिया गया है। दरअसल, जीपीएस से यह डिवाइस जुड़ा है। इसके जरिए ट्रेनों का समय संचालन पटरी पर लाने में काफी मदद मिलेगी।

इस डिवाइस की मदद से ट्रेन चालकों को कोहरे में भी क्रासिंग और सिग्नल की आसानी से जानकारी मिल सकेगी। पहले से काफी एडवांस होने के चलते कोहरे में ट्रेनों की रफ्तार पर को असर नहीं पड़ेगा।

हिंदी एक जानदार भाषा है, वह जितनी बढ़ेगी देश को उतना ही लाभ होगा।
पं. जवाहर लाल नेहरू

# कोहरे में सुरक्षित रेल संचालन को रेलकर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। संभावित कोहरे को देखते हुए रेलवे ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। कोहरे के समय सुरक्षित रेल संचालन हो इसके लिए रेलवे ने लोको पॉयलटों और डीजल रनिंग कर्मियों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में रविवार २१.११.२०२१ को प्रयागराज जंक्शन लॉबी में संरक्षा संगोष्ठी हुई। इस दौरान रनिंग कर्मियों को एफएसडी, एमडीआरसी, सिग्मा बोर्ड, मोडीफाइड सिग्नल आदि के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (परिचालन) राहुल त्रिपाठी ने ट्रेन की गति मौसम के अनुसार नियंत्रित करने, सिग्नल पर अंतिम क्षण तक निगाह बनाए रखने को लेकर कहा।

इस दौरान हार्न का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। ट्रेनिंग में वरिश्ठ क्रू नियंत्रक वासुदेव पांडेय ने मुख्यालय के सभी लोको पॉयलटों को शार्ट कर्ट तरीके अपनाने, ओवर शूटिंग ने करने के लिए जागरूक किया।

# जल्द शुरू होगा जन आहार रेस्टूरेंट

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी। कोरोना काल की शुरुआत से बंद वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर जन आहार रेस्टूरेंट इसी माह के अंत तक २० माह बाद फिर से शुरू होगा। जिससे रेल यात्रियों को फिर से खान-पान की सुविधा मिलेगी। संक्रमण काल से पहले स्टेशन पर आने वाले इन यात्रियों को जन आहार रेस्टूरेंट का लाभ मिलता था। आईआरसीटीसी द्वारा संचालित यह रेस्टूरेंट कैंट स्टेशन के प्रथम तल पर स्थित यात्री विश्रामालय के पास स्थित है। वातानुकूलित जन आहार में पहले की तरह यात्रियों के खान-पान संबंधी सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें सुबह का नाश्ता और रात के भोजन के साथ अन्य प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था होगी।

# नहीं थमेगी अब मिर्ज़ापुर में ट्रेन की रफ़्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र। उत्तर मध्य रेलवे के मिर्ज़ापुर-पं दीन दयाल उपाध्याय खंड के झिंगुरा स्टेशन के स्टेशन यार्ड में दिनांक २७.११.२१ को सभी ट्रैक सर्किट का नवीनीकरण सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा किया गया। अब झिंगुरा यार्ड में, मानसून के दौरान जल जमाव से होने वाले ट्रैक सर्किट के विफलताओं पर भी लगभग विराम लग जायेगा। बारिश के दौरान झिंगुरा स्टेशन के यार्ड में पानी भर जाने की स्थिति में डी सी ट्रैक सर्किट के भी विफल होने की संभावना रहती है।

इस व्यवस्था को स्थापित करने के लिए स्टेशन यार्ड के सभी डीसी ट्रैक सर्किट के साथ ड्यूल MSDAC एक्सल काउंटर के २६ ट्रैक सेक्शन कमीशन किया गया है।

अब इस तकनीक के प्रारम्भ हो जाने से रेलगाड़ियो की बेहतर समयपालनता एवं संरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकेगा है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8 मो. 9793956044,9935224867 फोन नं.-0532-2418040

# उत्तर मध्य रेलवे में स्वर्णिम विजय मशाल का हुआ भव्य स्वागत



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारत-पाक युद्ध १६७१ में भारत की ऐतिहासिक विजय के ५० वर्ष पूरे होने के कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा विजय दिवस (१६ दिसंबर) २०२० को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नई दिल्ली से स्वर्णिम विजय मशाल को प्रज्ज्वलित कर राष्ट्र के विभिन्न हिस्सों के लिए रवाना किया गया था। इसी कड़ी में दिनांक २५ नवंबर २०२१ को यह उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय पहुंची। इस मशाल को सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी द्वारा सजाए गए वाहन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय लाया गया था। उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने अपने हाथों में तिरंगा लहराते हुए स्वर्णिम विजय मशाल की आगवानी की। जहां स्टेशन कमांडर और डिप्टी जनरल ऑफिसर कमाडिंग पूर्वा यूपी और एमपी सब एरिया ब्रिगेडियर अजय पासबोला द्वारा मशाल को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार को सौंपा गया। महाप्रबंधक द्वारा सलामी स्थल पर साहस और पराक्रम की प्रतीक इस मशाल की स्थापना की गई।

सलामी स्थल पर महाप्रबंधक के साथ आईजी/आरपीएफ/उत्तर मध्य रेलवे रविंद्र वर्मा उपस्थित थे । प्रमोद कुमारने यह बताया कि भारतीय रेल ने युद्ध के दौरान सुरक्षा बलों और उपकरणों के परिवहन के लिए २००० से अधिक विशेष ट्रेनें चलाईं और संघर्ष विराम के बाद भी युद्धबंदियों और शरणार्थियों को स्थानांतरित करने के लिए भी ८०० विशेष ट्रेनें चलाई गईं। सचिव, स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर मध्य रेलवे कृष्णा तिवारी ने कार्यक्रम की लाइव कमेंट्री की, जबकि कार्यक्रम का संचालन मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा ने किया। समारोह का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लाइव स्ट्रीमिंग के साथ किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, डीआरएम/प्रयागराज और ६७० रेलवे प्रादेशिक सेना, झांसी के अधिकारी उपस्थित थे।